# एंटी वेनम के महत्व को लेकर ग्रामीणों को करें जागरूक : श्री नारायन

## कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में जन-विश्वास अभियान, नल जल योजना, संबल योजना के क्रियान्वयन पर दिया जोर

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,21 सितंबर. कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कई ग्रामीण अभी भी सर्पदंश से मृत्यु को रोकने में एंटी स्नेक वेनम के महत्व को नहीं समझ पा रहे हैं, उन्हें इस संबंध में पुन: जागरूक करने की आवश्यकता है।**

सभी एसडीएम, तहसीलदार फिर से सभी संवदेनशील क्षेत्रों में मुनादी करवाएं और लोगों को जागरूक करें। लोगों को जागरूक करें कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है, सर्पदंश का पता लगते ही तत्काल नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचें। झाड़ - फूंक के चक्कर में न पड़ें। कई बार लक्षण तुरंत नहीं दिखते हैं, इसीलिए सर्पदंश का पता चलते ही, लापरवाही न करते हुए तत्काल अस्पताल पहुंचे। समय पर एंटी स्नेक वेनम मिलने पर जान बचाई जा सकती है। ग्रामीणों को सर्पदंश की स्थिति में किसी भी सहयोग के लिए कोटवार और पटवारी से संपर्क करने की समझाइश दें।

### लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी



कलेक्टर श्री नारायन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि संबल योजना शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है, जो कठिन समय में जरूरतमंद परिवारों को संबल देने का कार्य करती है। इसके क्रियान्वयन में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सहायक श्रम पदाधिकारी, संबंधित एसडीएम के साथ समन्वय कर अपील के सभी प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण कराएं। अंत्येष्टि सहायता की कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। सहायक श्रम पदाधिकारी सभी सीईओ जनपद और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से संपर्क कर यह सुनिश्चित कराएं कि सभी पात्र हितग्राहियों के परिवारों को जरूरत के समय तत्परता से अंत्येष्टि सहायता प्राप्त हो सके। इसमें विलंब होने पर संबंधित सचिव और वार्ड मोहर्रिर की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### खाद्य प्रतिष्ठानों में लापरवाही पाए जाने पर करे कार्यवाही

कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान जिन होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में हाईजीन और गुणवत्ता की लेकर लापरवाही मिल रही है, उन्हें नियमानुसार नोटिस जारी कर कार्यवाही भी की जाए, केवल हिदायत देने तक सीमित न रहें।

### ट्राइबल छात्रावासों का किया जाए औचक निरीक्षण

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान हर्रई एवं तामिया विकासखंड के कुछ आदिवासी छात्रावासों की स्क्रीनिंग के दौरान लक्षण न पाए जाने पर भी विद्यार्थियों के मलेरिया संक्रमित पाए जाने पर कलेक्टर श्री नारायन ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को छात्रावासों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि औचक निरीक्षण में यह जरूर देखें कि विद्यार्थी मच्छरदानी का उपयोग कर रहे हैं या नहीं एवं कोई विद्यार्थी बीमार तो नहीं है। एसिमटोमेटिक व्यक्ति के माध्यम से भी मच्छर रोग फैला सकते हैं, इसीलिए समय पर सभी की जांच और उपचार जरूरी है।

### पेयजल से संबंधित शिकायतें निराकृत कराई जाएं

कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि जिले में नल जल योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और सभी जनपद सीईओ आपस में बेहतर समन्वय में रहें। अपने क्षेत्र में नल जल योजनाओं के संचालन एवं हैंडओवर के संबंध में पूरी जानकारी रखें। पेयजल संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका निराकरण तत्परता के साथ कराया जाए।

# श्री गणेश की आरती कर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अर्जित किया पुण्य लाभ



▶ राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर प्रथम पूज्य भगवान की पूजा अर्चना की

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,21 सितंबर. राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में विराजित भगवान श्री गणेश के दर्शन व पूजन अर्चन कर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुण्य लाभ अर्जित किए। हनुमान भक्त धर्मानुरागी कमलनाथ जी एवं नकुलनाथ जी की धार्मिक आस्था व श्रद्धा से प्रेरित होकर जिला कांग्रेस संगठन द्वारा राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में भगवान श्री गणेश की दिव्य व अलौकिक प्रतिमा विराजित की गई है।**

भगवान श्री गणेश के दर्शन, पूजन व आरती के लिए प्रतिदिन प्रतिष्ठि सामाजिक संगठनों के पदाधिकारीगण व गणमान्य नागरिकगण पहुंच रहे हैं। उनके द्वारा बड़े ही श्रद्धाभाव के साथ भगवान श्री गणेश की आरती की जा रही है। पंजाबी समाज संगठन, गुजराती समाज संगठन, कल्चूरी कलार समाज, बंगाली समाज, बाल्मीकि समाज, रविदास समाज, चौरसिया समाज, ब्राह्मण समाज, सिंधी समाज, राजपूत समाज, आदिवासी समाज, माली समाज मालवी समाज, राधाकृष्ण रामायण देवकीनंदन समिति छोटी बाजार व विश्वकर्मा समाज, यादव समाज संगठन, सेन समाज संगठन व रघुवंशी समाज संगठन के द्वारा अलग-अलग दिवसों में प्रथक-प्रथक आरती व पूजन किया गया।

### आदि योगी भजन ग्रुप के सदस्यों के भजनों पर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

शहर के ईएलसी चौक स्थित राजीव भवन कार्यालय में विराजे विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष देर रात तक भजनों का गायन जारी रहा। आदि योगी भजन ग्रुप के सदस्यों ने सुमधुर व एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। भजन ग्रपु के सदस्यों ने विभिन्न आधुनिक वद्य यंत्रों की धुन पर सुरीली आवाज में भजनों की प्रस्तुत प्रारंभ कि तो राजीव भवन परिसर में उपस्थित श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए।

# पति की हत्या करने पर पत्नी को आजीवन कारावास की सजा

▶ चरित्र संदेह कर मारपीट करने पर पत्नी ने कुल्हाड़ी मार कर की थी पति की हत्या

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,21 सितंबर. पति शराब पीकर पत्नी के चरित्र पर संदेह कर उसे मारपीट करता था तो पत्नी ने कुल्हाड़ी मार कर पति की हत्या कर दी. उक्त मामले में विचारण के बाद न्यायालय ने पत्नी को आजीवन कारवास की सजा सुनाया है.**

सहा. जिला अभियोजन अधिकारी रविन्द्र अतुलकर ने बताया कि 11 सितंबर को 2023 को मृतक शिवलाल उसके घर पर पड़ा था तब मृतक का भाई सहीलाल भलावी, बहु चैनवती एवं गांव का टेकचंद के साथ शिवलाल के घर पहुंचा था तब उसने देखा कि उसका भाई शिवलाल भलावी सीढ़ी के पास जमीन मे पडा हुआ है. शिवलाल की मृत्यु हो चुकी थी. इसके बाद मृतक के भाई सहीलाल भलावी ने मृतक भाई की पत्नी मोल्लो बाई से पूछा की शिवलाल को किसने मार दिया तो मुल्लो बाई ने उसे बताई की आज 11 सितंबर 2023 को सुबह घर के सामने वाले कमरे में मेरे पति शिवलाल शराब पीकर लड़ाई झगड़ा कर रहे थे और मेरे चरित्र पर शंका कर रहे थे और गलत बात बोल रहे थे जो मुझसे सुना नही जा रहा था उसी समय मेरे पति मेरे सिर के बाल पकड़कर मुझे जमीन पर नीचे गिराने लगे तब मैं किसी तरह से उनका हाथ अपने बालो से खींचकर छुड़ाई तो मेरे सिर के बाल खिंचकर टूट गये और उनकी मुट्ठी में फंस गये जिससे मुझे दर्द हुआ तब वही पास में रखी कुल्हाड़ी से शिवलाल के सिर पर और कान के पास पीछे तरफ दो-तीन बार मार दी, जिससे वो वही जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई. । उक्त घटना की रिपोर्ट थाना रावनवाड़ा में आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई। आरोपी के खिलाफ अपराध घटित करना पाये जाने पर संपूर्ण विवेचना उपरान्त अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

जहां गौतम सिंह गुजरे अपर सत्र न्यायाधीश परासिया ने आरोपी मुल्लो बाई पति स्व. शिवलाल भलावी 45 वर्ष निवासी ग्राम हथियागढ़ धारा 302, 201 भादवि के अंतर्गत आजीवन कारावास की सजा एवं 6,000 रू के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

# दवा से होने वाली प्रतिकूल प्रतिक्रिया की पहचान और रिपोर्टिंग का दिया प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,21 सितंबर. छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा 17 से 23 सितंबर तक छठे राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।**

इस वर्ष सप्ताह की थीम फार्माकोविजिलेंस के माध्यम से दवाओं के तर्कसंगत उपयोग को बढ़ावा देना सुरक्षित स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक कदम रखी गई है। इसी क्रम में 21 सितंबर को जिला अस्पताल के पांचवें तल स्थित लेक्चर हॉल में पीजी विद्यार्थियों, सीनियर-जूनियर रेजिडेंट्स और इंटर्न्स के लिए एडवर्स ड्रग रिएक्शन रिपोर्टिंग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिष्ठाता डॉ. अभय कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। फार्माकोलॉजी विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. सरफराज आलम खान के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण डॉ. विपिन जैन, चिकित्सा अधीक्षक एवं सह प्राध्यापक, फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा दिया गया।

# पेंच नदी स्थित सिंगोड़ी मूर्ति विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,21 सितंबर. गणेश मूर्ति विसर्जन के पूर्व पेंच नदी स्थित सिंगोड़ी मूर्ति विसर्जन स्थल का सुरक्षा एवं प्रदूषण नियंत्रण की दृष्टि से आज निरीक्षण किया गया।**



निरीक्षण के दौरान तहसीलदार छिंदवाड़ा श्रीमती मीना दशरिया, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी माताप्रसाद तिवारी, थाना प्रभारी सिंगोड़ी पंकज राय एवं ग्राम सरपंच सहित संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान मूर्ति विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से अपील की गई कि गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान प्लास्टिक, पूजन सामग्री एवं अन्य ठोस अपशिष्ट नदी में न डालें तथा निर्धारित स्थल पर ही इनका उचित निपटान करें। इसके अतिरिक्त, मूर्ति विसर्जन के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सावधानीपूर्वक विसर्जन करने की अपील की गई, ताकि नदी के जल की गुणवत्ता एवं पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# खाद्य सुरक्षा और राजस्व दल ने की होटल ढाबो की जांच

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,21 सितंबर .स्थानीय नगर में खाद सुरक्षा अधिकारी और राजस्व विभाग की टीम ने नगर में खाद्य पदार्थो और स्वच्छता की जांच की ।**

इस जांच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संध्या मार्को,तामिया नायब तहसीलदार आशुतोष रामटेके,राजस्व निरीक्षक हरवंश ठाकुर,पटवारी शत्रुघ्न कुमरे शामिल रहे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संध्या मार्को ने बताया कि मुख्य मार्ग स्थित प्रशांत ढाबा में खड़ी लाल मिर्च खराब मिली ,चॉकलेट खराब मिली ,छोले 1 किलो खराब मिले इसी के पास जय भोले ढाबा में फफूंद लगा नमकीन खराब मिला ,पनीर खराब मिला ,खी दूध सहित अन्य फूड सामग्री खराब मिली खाद विभाग ने कार्यवाही की। अंकिता रेस्टोरेंट में जांच के दौरान कोई कमियां नहीं मिली बस स्टैंड तामिया में शेख़ रमजान की होटल में भारी गंदगी मिली जिसको लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने 3 दिन होटल बंद कर सफाई करने के बाद होटल खोलने के निर्देश दिए वही राजा स्वीट मार्ट ओर गुप्ता होटल में साफ सफाई मिली इसी तरह साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। गुपचुप वालो ,अंडे वालो को दुकान में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए ओर रद्दी पेपर का उपयोग नहीं करने के बारे में बताया सभी ठेले वाले ,फल वाले,नाशते वाले,अंडे वालो को बताया कि किसी भी आनलाइन वाले के पास जाकर फूड लाइसेंस बना ले जो कि निशुल्क बनता है।

# खजरी में बिना अनुमति निर्मित कॉलोनी पर थमाया नोटिस

## अवैध कॉलोनाइजिंग पर निगम आयुक्त की सख्ती, 15 दिवस में मांगा जवाब

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,21 सितंबर. नगर निगम सीमांतर्गत बिना अनुमति अवैध कॉलोनी निर्माण कर विक्रय करने वालों के विरुद्ध निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देश पर वैधानिक कदम उठाए जा रहे हैं।**

इसी क्रम में मौजा खजरी में बिना अनुमति एवं निर्धारित मापदंडों का उल्लंघन कर अनाधिकृत रूप से कॉलोनी विकसित करने पर संबंधित भू-स्वामी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिवस के भीतर उत्तर प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त विवरण के अनुसार खजरी में 2.778 हेक्टेयर भूमि पर महेश कुमार माधवानी निवासी खजरी द्वारा कॉलोनी विकास की सक्षम अनुमति प्राप्त किए बिना ही अनाधिकृत रूप से कॉलोनी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही उक्त भूमि को छोटे-छोटे भूखंडों में विभक्त कर अन्य व्यक्तियों को विक्रय व अंतरित भी किया जा रहा है।

जांच प्रतिवेदन के आधार पर निगम आयुक्त सी.पी. राय द्वारा महेश कुमार माधवानी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। नोटिस में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि पत्र प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर



संतोषजनक एवं विधिसम्मत उत्तर प्रस्तुत न करने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए कॉलोनी को अनाधिकृत घोषित किया जाएगा तथा संबंधित पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

# जिले में अभी तक 790.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,21 सितंबर.** जिले की सामान्य औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 790.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 983.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 21 सितंबर 2026 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 15.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 21 सितंबर 2026 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसील छिंदवाड़ा में 3.2, तामिया में 25, अमरवाड़ा में 17.2, चौरई में 04, हर्रई में 06, बिछुआ में 3.6, परासिया में 8.1, जुन्नारदेव में 7.6 चांद में 48.4 और उमरेठ में 44.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 457.8, मोहखेड़ में 537.2, तामिया में 1031.2, अमरवाड़ा में 761.2, चौरई में 794.4, हर्रई में 1070.6, बिछुआ में 652.9, परासिया में 556, जुन्नारदेव में 775.2, चांद में 904.3 और उमरेठ में 1033.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

# चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता बच्चों के चित्रों का प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,21 सितंबर. देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ हुए सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय स्कूलों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के चयनित विद्यार्थियों के चित्रों का प्रदर्शन सोमवार को जनशिक्षा केंद्र चांद में किया गया।**



कार्यक्रम में विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चित्र प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नीरज ठाकुर एवं बनवारी महोरे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य महेश रघुवंशी ने की।इस अवसर पर पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांद के प्राचार्य अनिल रघुवंशी, हाईस्कूल गुमगांव के प्राचार्य जंघेला सहित शिक्षक राजेश साहू, धर्मसिंह चौरिया, नरेंद्र गोरले, रामदयाल कुमरे, दिलसिंह मंगरोलिया, प्रहलाद चौरिया एवं अन्य अतिथियों का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम का संचालन चांद जनशिक्षक फिरदौस अंसारी ने किया।

# 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**छिन्दवाड़ा.** भारत सरकार आयुष मंत्रालय एवं आयुष विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आगामी 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर हरेंद्र नारायन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रमिला यावतकर के मार्गदर्शन में जिले में संचालित विभिन्न आयुष संस्थानों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण रघुवंशी ने बताया कि शासकीय आयुर्वेद संस्थानों द्वारा छिंदवाड़ा, रंगारी, हिवड़खेड़ी, बांशखेड़ा, देवरी, कुंडा, रंजना, मानकादेही, मोया, गुमतरा, बादगांव, बिंदरई, गुरैया आदि के स्कूलों में आयुर्वेदिक प्रश्नोत्तरी, चित्रकला प्रतियोगिता एवं दिनचर्या पर व्याख्यान आयोजित किए गए। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का परीक्षण तथा औषधालयों में नि:शुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में लगभग 600 से अधिक लाभार्थियों ने सहभागिता की।

# दमुआ क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में आबकारी की दबिश कार्रवाई

## 35 लीटर कच्ची मंदिरा बरामद ,150 किलो महुआ लाहन किया नष्ट

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,21 सितंबर. कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त दमुआ के आबकारी अमले द्वारा आज दमुआ अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में दबिश कार्रवाई की गई।**



आबकारी टीम द्वारा दमुआ, हरियागढ़, ब्रजपुरा, चुनरी चौगान, नंदन, माइनर्स, मैगज़ीन दफाई, करमोहनीबंदी, घोड़ावाड़ी एवं पुरैना खालसा में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान 35 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा बरामद की गई तथा 150 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान कुल 3 प्रकरण कायम कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) एवं (च) के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। इस कार्रवाई में वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक सुश्री पूर्णिमा वरकड़े, प्रधान आरक्षक सुश्री अमृता साहू एवं आरक्षक अनुराग गोनेकर उपस्थित थे।

▶ छिन्दवाड़ा और पांढुर्ना के विकास को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा कर विकास कार्यों के लिए दिया पत्र

# सांसद ने खेल मंत्री और मुख्य सचिव से की मुलाकात

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,21 सितंबर. सोमवार को भोपाल पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल, खेल मंत्री विष्वास सारंग और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से की मुलाकात करते हुए छिन्दवाड़ा और पांढुर्ना के विकास को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा करते हुए उन्हें दोनों जिले के विकास कार्यों के लिए पत्र भी दिए है।**



सांसद श्री साहू ने भोपाल प्रवास के दौरान मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल से मुलाकात करते हुए छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के प्रमुख विकास कार्यों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए विकास कार्यों में सहयोग का निवेदन किया और कुछ प्रमुख पत्र भी सौंपे है। सांसद श्री साहू ने मुख्य सचिव से मुलाकात के दौरान चौसरा, हिवरखेड़ी, धनोरा, थावरीटेका, डागावानी, पिपरिया क्षेत्र में पावर प्लांट के लिए अधिकृत भुमि के संबंध में चर्चा करते हुए चौसरा प्लांट को जल्द से जल्द प्रारंभ करने की कार्यवाही करने का निवेदन किया है। उन्होंने मुख्य सचिव को बताया कि कन्हान और पेंच क्षेत्र के महाप्रबंधक द्वारा कोयला खदानों के प्रस्ताव एवं अनुमतियों के लिए आवेदन प्रस्तुत किए गए है जो कि लंबित है। उन्होंने बताया कि कन्हान क्षेत्र में 70 मेगावॉट सौर ऊर्जा परियोजना को लगाने के लिए पेड़ों को काटने की अनुमति का आवेदन लंबित है। श्री साहू ने जिला चिकित्सालय में रेडियोलाजिस्ट की नियुक्ति की मांग भी प्रमुखता से रखी है, साथ ही यहा पर स्थित एसएनसीयू में 40 बेड बढ़ाने के साथ जिला चिकित्सालय में रेडियोलाजिस्ट की मांग की।

### सांसद ने खेल मंत्री से मुलाकात

अपने भोपाल प्रवास के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने जहां खेल मंत्री विश्वास सारंग से मुलाकात करते हुए छिन्दवाड़ा और पांढुर्ना में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने को लेकर चर्चा करते हुए छिन्दवाड़ा के इमलीखेड़ा में स्वीकृत 20 एकड़ शासकीय भूमि में खेल एकेडमी का निर्माण के लिए जल्द से जल्द भुमिपूजन करने को लेकर बात की, साथ ही दोनों जिलों में अन्य विकासखड़ों में भी खेल मैदान जल्द से जल्द स्वीकृत करने की मांग की है।

### सांसद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले

भोपाल प्रवास के दौरान सांसद श्री साहू ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से भी मुलाकात की है। इस दौरान उन्होंने श्री खंडेलवाल से मुलाकात करते हुए छिन्दवाड़ा और पांढुर्ना जिले में विभिन्न विकास कार्यों को लेकर चर्चा की है।


